संख्या-9/500/63-व0उ0-2015-91(एच)/15

प्रेषक,

राज बहादुर,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 08 अप्रैल, 2015**

विषय:- हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के अन्तर्गत आयोजनेत्तर पक्ष की कर्मचारी मूलक योजनाओं हेतु वर्ष 2015-16 की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के अन्तर्गत आयोजनेत्तर पक्ष में कर्मचारी मूलक योजनाओं के लिये वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि एवं हथकरघा क्षेत्र के प्रशिक्षार्थियों को सहायता/छात्रवृत्तियाँ और छात्र वेतन तथा हथकरघा पुरस्कार योजना हेतु प्राविधानित धनराशि को सम्मिलित करते हुए रू0 22,26,98,000.00 (रूपया बाइस करोड़, छब्बीस लाख, अठ्ठान्नबे हजार मात्र) जिसका उल्लेख संलग्न सूची में मदवार वर्णित है, को आपके निस्तारण पर रखते हुए व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उक्त व्यय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30.03.2015 में वर्णित निर्देशों को ध्यान में रखते हुए किये जायेंगे।

3- उक्त व्यय अनुदान संख्या-6 के लेखाशीर्षक-2851 ग्राम तथा लघु उद्योग-(आयोजनेत्तर)-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-अधिष्ठान व्यय-हथकरघा निदेशालय के नामें डाला जायेगा तथा जिन मामलों में वित्तीय नियम संग्रहों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जान आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

राज बहादुर
अनु सचिव।

संख्या-500(1)/63-व0उ0-2015-91(एच)/15, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6/ वित्त (बजट) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-500/63-व0उ0-2015-91(एच)/15, दिनांक 08.04.2015 का संलग्नक

अनुदान संख्या-6 (आयोजनेत्तर)

लेखाशीर्षक- 2851 ग्राम तथा लघु उद्योग
001-निदेशन तथा प्रशासन
03-अधिष्ठान व्यय-हथकरघा निदेशालय

(धनराशि हजार रूपये में)

मद का नाम	स्वीकृत धनराशि हेतु धनराशि
1	2
01-वेतन	90000
02-मजदूरी	50
03-मंहगाई भत्ता	108000
04-यात्रा व्यय	1200
05-स्था यात्रा भत्ता	250
06-अन्य भत्ता	11203
07-मानदेय	50
08-कार्यालय व्यय	1000
09-विद्युत व्यय	500
10-जल कर/जल प्रभार	5
11-लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	320
12-कार्यालय फर्नीचन एवं उपकरण	450
13-टेलीफोन पर व्यय	400
15-गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	1400
16-व्यवसायिक सेवाओं के लिये भुगतान	150
17-किराया उपशुल्क और कर स्वामित्व	1541
19-विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	225
29-अनुरक्षण	300
44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	100
45-अवकाश यात्रा व्यय	80
46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	400
47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	550
49-चिकित्सा व्यय	3000
51-वर्दी व्यय	80
(रूपया बाइस करोड़, बारह लाख, चौवन हजार मात्र) योग-	**221254**
लेखाशीर्षक-2851 ग्राम तथा लघु उद्योग 103 हथकरघा उद्योग 04 हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु जनेश्वर मिश्र राज्य हथकरघा पुरस्कार 42- अन्य व्यय	950
05-हथकरघा क्षेत्र के प्रशिक्षार्थियों को सहायता 21-छात्रवृत्तियों और छात्र वेतन	494
महायोग-	**222698**

रू0 22,26,98,000.00 (रूपया बाइस करोड़, छब्बीस लाख, अठ्ठान्नबे हजार मात्र)

राज बहादुर
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in